# जमशेदपुर अक्षेस ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता से कराया रूबरू

## आत्मनिर्भर वार्ड के तहत डू नॉट मिक्स और इको ब्रिक बनाने की दी गई जानकारी

## जेएनएसी इनोवेटिव आइडिया लाने वाले छात्र-छात्राओं को करेगी सम्मानित

डू नॉट मिक्स और ईको फ्रेंडली ब्रिक्स से पर्यावरण की होगी सुरक्षा

# जेएनएसी ने सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल में चलाया पर्यावरण जागरुकता अभियान



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी के निर्देश पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में पर्यावरण संरक्षण जागरुकता अभियान के तहत डू नॉट मिक्स गारबेज और इको ब्रिक बनाने हेतु छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई. इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक घर से कचरा अलग अलग गीला सुखा और अन्य कचरा का पृथककरण करने हेतु बताया गया. कार्यक्रम में नगर प्रबंधक रवि भारती ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ सुंदर रखने में योगदान के साथ-साथ नए आइडिया के माध्यम से अपने घर के लिए बेहतर कार्य कर सकते हैं जिसमें अपनी सोच को अलग पहचान दिलाने में आप खुद अपनी क्षमता को बढ़ा सकते हैं और ऐसा करने वाले सकारात्मक और इनोवेटिव आइडिया लाने वाले को छात्र-छात्राओं या अन्य कोई भी व्यक्ति को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के द्वारा सम्मानित किया जाता है और आगे भी किया जाएगा और उनके विचार को बेहतर प्रचार प्रसार के साथ जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा.

### मोंद्रिता ने बताया ईको ब्रिक्स बनाने के तरीके

मोंद्रिता चटर्जी के द्वारा बनाए जा रहे हैं इको ब्रिक के बारे में बताया गया. किस तरह से खुद अपने घर में फेंके जाने वाले चॉकलेट बिस्किट चिप्स के प्लास्टिक पाउच और प्लास्टिक बोतल से इको ब्रिक बनाया जा सकता है जिससे पर्यावरण संरक्षण करने में अपना योगदान दिया जा सकता है. जिसका उपयोग कई प्रकार के संरचना करने में किया जा सकता है. नगर प्रबंधक क्रिस्टिना कश्चयप के द्वारा छात्राओं को अपने स्कूल प्रांगण में इको ब्रिक के माध्यम से संरचना तैयार कर उसमे इको ब्रिक का संग्रह और किताब बैंक बनाने का आइडिया दिया गया. स्वच्छता विशेषज्ञ कार्य करने वाली अभिलाषा के द्वारा कचरा का सही पृथक्करण कर उसे सफाई कर्मियं को देने के लिए बताया गया जिस कचरा किस प्रकार से हानिकार होते हैं और पर्यावरण पर इस दुष्प्रभाव मिला कर फेंकने से हे है इसके बारे में जानकारी प्रदान गई और कचरे से सही तरीके पुन: चक्र कर खाद या अन्य प्र के सामग्रियों का निर्माण किय सकता है इसके बारे में विस्तृ में बताया गया.

### कार्यक्रम में इनकी रही मौज

कार्यक्रम में नगर प्रबंधक रवि क्रिस्टिना कचश्यप , ज अक्षेस की स्वच्छता ब्रांड मोंद्रिया चटर्जी सेक्रैड हार्ट स्कूल की पर्यावरण क्लब टीचर समर्पिता बिश्वास उनकी दल के शिक्षिका अनुष्का रानी, तूलिका, रु आद्या, मान्या और सिद्धि साथ कुल 50 छात्रा सम्म

# जेएनएसी ने स्कूली बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया

जमशेदपुर | वरीय संवाददाता

जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति की ओर से शुक्रवार को सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के लिए आत्मनिर्भर वार्ड के तहत डू नॉट मिक्स और इको ब्रिक बनाने जानकारी छात्राओं को दी गई।

इसका मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग कर आसपास के क्षेत्र को सुंदर स्वच्छ रखना है। कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक घर से कचरा अलग-अलग गीला, सूखा और अन्य कचरा का पृथक्करण करने को बताया गया।

कार्यक्रम में नगर प्रबंधक रवि भारती ने प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ सुंदर रखने में योगदान के साथ-साथ नए इनोवेटिव आइडिया के माध्यम से अपने घर के लिए बेहतर कार्य कर सकते हैं, जिसमें अपनी सोच को अलग पहचान दिलाने में अपनी क्षमता को बढ़ा सकते हैं। नोवेटिव आइडिया लाने वाले को छात्र-छात्राओं को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। मोंद्रिता चटर्जी द्वारा बनाए जा रहे हैं इको ब्रिक के बारे में भी बताया गया। किस तरह से खुद अपने घर में फेंके जाने वाले चॉकलेट बिस्किट चिप्स के प्लास्टिक पाउच और प्लास्टिक बोतल से इको ब्रिक बनाया जा सकता है। इससे पर्यावरण संरक्षण में हर कोई योगदान दे सकता है।

नगर प्रबंधक क्रिस्टिना कश्चयप द्वारा छात्राओं को अपने स्कूल प्रांगण में इको ब्रिक के माध्यम से संरचना तैयार कर उसमें इको ब्रिक का संग्रह और किताब बैंक बनाने का आइडिया दिया गया। स्वच्छता विशेषज्ञ कार्य करने वाली अभिलाषा ने कचरा के सही पृथक्करण कर उसे सफाईकर्मियों को देने के लिए बताया। इसमें कचरा किस प्रकार से हानिकारक होते हैं और पर्यावरण पर इसका दुष्प्रभाव मिलाकर फेंकने से होता है।

### सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट

- कचरे को अलग करने और इको ब्रिक बनाने की जानकारी दी
- शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए इनोवेटिव आइडिया मांगा

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA